दिनांक—30.06.2024 समय—2.10पीएम

प्रादेषिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

दोपहर समाचार

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में संविधान और देश की लोकतांत्रिक प्रणालियों में अपना विश्वास दोहराने के लिए देशवासियों का आभार व्यक्त किया है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम के जरिए राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधान मंत्री ने कहा कि 2024 का आम चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था जिसमें 65 करोड़ लोगों ने मतदान किया। श्री मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर इस वर्ष शुरू किए गए विशेष अभियान—'एक पेड़ माँ के नाम' का उल्लेख किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपनी मां के साथ या अपनी मां की स्मृति में एक पेड़ लगाएं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दशक के दौरान भारत में वन क्षेत्र का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। अमृत महोत्सव के दौरान देशभर में 60 हजार से ज्यादा अमृत सरोवर भी बनाए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कुवैत सरकार ने अपने राष्ट्रीय रेडियो पर हिंदी में एक विशेष कार्यक्रम शुरू किया है। इसे कुवैत रेडियो पर हर रविवार को आधे घंटे के लिए प्रसारित किया जाता है। प्रधानमंत्री ने इस पहल के लिए कुवैत सरकार और वहां के लोगों को धन्यवाद दिया।

....

नए आपराधिक कानून

तीन नए आपराधिक कानून— भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारत साक्ष्य अधिनियम कल से लागू हो जाएंगे। केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ नियमित बैठकें कीं हैं और वे इन कानूनों को लागू करने के लिए प्रौद्योगिकी, क्षमता निर्माण तथा जागरुकता उत्पन्न करने के लिये पूरी तरह से तैयार हैं। इस संबंध में पुलिस और जांच अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। नए आपराधिक कानूनों में जांच, मुकदमे और अदालती कार्यवाही में प्रौद्योगिकी पर जोर दिया गया है। इसके लिए राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो—एन. सी.आर.बी ने मौजूदा अपराध और आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क और प्रणाली—सी.सी.टी.एन.एस. एप्लीकेशन में 23 कार्यात्मक संशोधन किए हैं। नई प्रणाली में निर्बाध परिवर्तन के लिए यह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को तकनीकी सहायता भी प्रदान कर रहा है।

....

पार्वती—काली सिंध—चंबल परियोजना—प्रदेष

पार्वती—कालीसिंध—चंबल अंतरराज्यीय नदी लिंक परियोजना के कार्यान्वयन के लिए आज भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल षर्मा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। शाम 5 बजे होने वाले कार्यक्रम को दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री संबोधित करेंगे। गौरतलब है कि 35 हजार करोड़ की इस परियोजना से 4 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का विस्तार होगा। इससे प्रदेष के 3 लाख से ज्यादा किसान लाभांवित होंगे। इससे 10 जिलों उज्जैन, इंदौर, धार, गुना, श्योपुर, शिवपुरी, ग्वालियर, भिंड, शाजापुर, आगरमालवा में पेयजल और सिंचाई सुविधाएँ मिलेंगी। वहीं राज्य के 4 जिलों उज्जैन, देवास, शाजापुर और आगरमालवा में ओद्योगिक विकास को भी नई गति मिलेगी। योजना से पर्यटन विकास को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

....

मौसम—बारिष

प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से मानसूनी बारिश का दौर जारी है। प्रदेश के लगभग सभी हिस्सों में मानसून की बौछारें पड़ रही है। आज भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर समेत 17 जिलों में तेज बारिश हो सकती है। इसके अलावा इंदौर और उज्जैन में भी आंधी के साथ बारिश होने के आसार है। इससे पहले झछ शनिवार को भोपाल, इंदौर, उज्जैन समेत 25 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। मौसम विभाग, भोपाल के वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया

कि प्रदेश में 3 साइक्लोनिक सर्कुलेशन एक्टिव हैं। बंगाल की खाड़ी से नमी आ रही है। वहीं, ट्रफ लाइन भी गुजर रही है। इस कारण पूरे प्रदेश में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम बना हुआ है। उत्तर और पूर्वी हिस्सों में इसका असर ज्यादा है।

....

टी 20 विष्वकप—जश्न

आईसीसी टी—20 विश्वकप में भारत की ऐतिहासिक जीत पर भारतीय टीम को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम ने अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। प्रदेश में कल देर रात तक लोगों ने इस खिताबी जीत पर जश्न मनाया भोपाल के न्यू मार्केट और अन्य चौराहों पर देर रात लोगों ने आतिशबाजी की, इसी तरह इंदौर के ऐतिहासिक राजवाड़ा पर हजारों लोगों ने इस कामयाबी पर जश्न मनाया। ग्वालियर, जबलपुर सहित कई अन्य शहरों में लोग सड़कों पर निकल कर खुशियां मना रहे थे। शिवपुरी जिले में भी मुख्य चौराहे माधव चौक पर लोग एकत्रित हुए और आतिशबाजी कर, ढोल ताशों पर झूमते नजर आए, बारिश के बीच शहरभर में जश्न मनता रहा। गुना के लक्ष्मीगंज, जगत बस स्टेंड, जयस्तंभ चौराहे, सुगन चौराहे आदि पर लोग भारत माता की जयकारों के साथ जश्न मनाते दिखे।

....